# खेल-खेल में पानी में मिलाया जहरीला पाउडर

## सेवन से 2 बच्चों की बिगड़ी हालत, सीएमएचओ ने कहा- खतरे से बाहर है बच्चों की हालत

**नवभारत न्यूज**

**जबलपुर 4 नवम्बर. घाना खमरिया स्थित सेंट फांसिस स्कूल की पानी की टंकी में बच्चों द्वारा खेल-खेल में मॉइस्चराईजर पाउडर मिला दिया गया जिसके बाद टंकी के पानी के सेवन से स्कूल के दो बच्चों की हालत बिग?ने लगी।**


हालत बिग?ते देख स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को सूचना देने के साथ बच्चों को विक्टोरिया अस्पताल भिजवाया गया। प्रारंभिक जांच में ये सामने आया कि पानी की टंकी में पाउडर बच्चों ने मिला दिया था जिस कारण ये स्थिति उत्पन्न हुई है। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि दोनों बच्चों की हालत खतरे से बाहर है।

विक्टोरिया अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि 12 वर्षीय ल?की तान्या व सगुन चौधरी नामक ल?के को आईसीयू में भर्ती किया गया है। स्कूल में उनके बच्चों को उल्टियां, दस्त होने लगे थे जिसके बाद उनकी हालत बिग?ने लगी। बताया जा रहा है

### इनका कहना है-

घाना खमरिया स्थित सेंट फांसिस स्कूल में बच्चों ने खेल-खेल में मॉइस्चराईजर पाउडर मिला दिया था। टंकी से ये पानी पीने से दो बच्चों के पेट में दर्द होने लगा और उन्हें जिला अस्पताल विक्टोरिया में लाकर भर्ती कराया गया है। इन दो बच्चों के अलावा और कितने बच्चे इससे प्रभावित हुए हैं ये मुझे नहीं पता है।

**-डॉ. संजय मिश्रा, सीएमएचओ**



कि बच्चों को अगर समय पर इलाज नहीं मिलता तो एक ब?ी दुर्घटना भी घटित हो सकती थी। वहीं डॉक्टर्स ने बच्चों को 24 घंटे की निगरानी में रखा है। जानकारी के अनुसार ये दो बच्चे अभी सामने आए हैं, अब स्कूल में पानी की टंकी से कितने और बच्चों ने पानी पिया है और कितने और बच्चों की तबियत खराब हुई है इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है क्योंकि इन दो बच्चों के अलावा विक्टोरिया अस्पताल और कोई नहीं आया है।

# पलक झपकते ही चार लाख पार

## इंडियन बैंक देवसर के सामने हुई वारदात

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 4 नवम्बर। स्थानीय नगर में संचालित इंडियन बैंक के सामने से पलक झपकते ही एक मोटरसाइकिल के डिग्गी से चार लाख रूपये पार करते हुये रफू चक्कर हो गये।**

यह घटना आज दिन मंगलवार की शाम करीब सवा चार बजे की है। घटना के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीव्ही फुटेज को खंगालने में लगी हुई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी घटना की तस्दीक की जा रही है कि उक्त घटना में कितनी सच्चाई है। दरअसल कियोस्क संचालक दिलशेर अहमद पिता गुलशेर अहमद निवासी उमरहर आज शाम करीब 4 बजे यूनियन बैंक देवसर से 6 लाख रूपये कैश

**आरोपियों की तलाश**

आहरित कर डिग्गी में रखने जा रहा था, तभी दो लाख रूपये अपने जान पहचान के व्यक्ति को भुगतान किया। शेष चार लाख रूपये कैश मोटरसाइकिल के डिग्गी में रखकर इंडियन बैंक के पास पहुंच मोटरसाइकिल ख?ी करते हुये ठेला पर चाट खाने लगा। तभी कुछ टूटने की आवाज आई, कियोस्क संचालक की नजर बाईक पर पहुंची और देखा कि एक व्यक्ति डिग्गी तो?कर कैश निकाल रहा है, तभी बगल में ख?ी एक मोटरसाइकिल में अपने साथी के साथ कैश लेकर आरोपी फरार हो गया। उक्त घटना को लेकर सनसनी फैल गई। पी?ित थाना जियावन पहुंच लिखित रिपोर्ट किया है। वहीं पुलिस इंडियन बैंक समेत आसपास लगे सीसीटीव्ही फु टेज को खंगालने में लगी हुई है।

# क्राइम ब्रांच ने लौटाए 12 करोड़ से अधिक

## सायबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**इंदौर 4 नवम्बर. वर्ष 2025 में ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार लोगों के लिए क्राइम ब्रांच राहत की वजह बनी है. अब तक 12 करोड़ 61 लाख से अधिक की ठगी गई राशि पीड़ितों को वापस कराई जा चुकी है. पुलिस की तुरंत और तकनीकी कार्रवाई ने न सिर्फ रकम रिकवर कराई, बल्कि सायबर अपराधियों की गतिविधियों पर भी लगाम लगाई है.**

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने जनवरी से अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन ठगी के 4500 से अधिक मामलों पर कार्रवाई की. इन प्रयासों के तहत अब तक 12,61,18,340 की राशि विभिन्न पीड़ितों को वापस कराई गई है. हर माह औसतन सैकड़ों आवेदकों को राहत मिल रही है. इस अवधि में करीब 1500 से ज्यादा फर्जी बैंक खातों को फ्रीज कराया, 200 से अधिक हैक किए गए सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि रिकवर कराए गए, जबकि 250 से अधिक फर्जी अकाउंट जो लोगों की फोटो और नाम से बनाए गए थे ब्लॉक कराए हैं. जनवरी से अक्टूबर 2025 तक रिकवर की गई राशि का माहवार विवरण भी सामने आया है,

दंडोतिया का कहना है कि सबसे अधिक शिकायतें ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड टास्क, ट्रेडिंग आदि, बैंक अधिकारी बनकर केव्हायसी अपडेट या रिवॉर्ड प्वाइंट के नाम पर ठगी, तथा सेक्सटॉर्शन और रोमांस स्कैम से संबंधित रही हैं. इस दौरान पुलिस ने जहां सायबर जागरूकता अभियान के तहत लाखों लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके बताए हैं. वहीं आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज से सावधान रहें और जरूरत पड़ने पर इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के चैटबॉट का उपयोग कर सायबर सुरक्षा की जानकारी अवश्य प्राप्त करें.

# जेडीए की जमीन पर तान दी बहुमंजिला इमारत

**जबलपुर 4 नवम्बर.** चंद्रशेखर वार्ड रांझी में जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 26 के अंतर्गत अनिल राय नामक व्यक्ति द्वारा बिना नगर निगम की नक्शा स्वीकृति के बहुमंजिला ख?ी करने का मामला सामने आया है। मंगलवार को आमानाला चंद्रशेखर वार्ड रांझी निवासी लीलाधर बेन ने निगमायुक्त से इसकी शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में लीलाधर बेन द्वारा बताया गया है कि अनिल राय ने न तो नगर निगम से नक्शा स्वीकृत कराया है और न ही भवन निर्माण की अनुज्ञा ली है, जिसकी जांच होना आवश्यक है।

# तीन दिन की पुलिस रिमांड में ज्योति सोनी

**कफ सिरप कांड** | पूछताछ में पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करेगी

**छिंदवाड़ा 4 नवम्बर. बहुचर्चित कफ सीरप कांड में नया मोड़ आया है। पुलिस ने आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति सोनी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।**

न्यायालय में पेश करने के पूर्व एसआईटी आरोपी ज्योति सोनी को उसके घर भी लेकर गई थी। खबर है कि टीम ने उसके घर से कुछ अहम दस्तावेज भी जप्त किए है। एसआईटी टीम ने ज्योति सोनी को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर परासिया लाया था। मामले में पुलिस को कई अहम दस्तावेज़ और साक्ष्य जुटाने की उम्मीद है। रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ में पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करेगी।

**लगे मुर्दाबाद के नारे**

परासिया पुलिस जैसे ही आरोपी ज्योति सोनी को न्यायालय में पेश करने के लिए लेकर आई पूर्व से न्यायालय में उपस्थित मृतक बच्चों के परिजनों ने न्यायालय में ज्योति सोनी मुर्दाबाद के नारे लगाए। उन्होंने आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा ज्योति सोनी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जाना था जिसकी जानकारी परिजनों को लगते ही उन्होंने न्यायालय परिसर में डेरा डाल दिया। बड़ी संख्या में न्यायालय परिसर में उपस्थित मृतक बच्चों के परिजनों ने अपना गुस्सा ज्योति सोनी पर उतारने का प्रयास किया।

### कफ सिरप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रीवा.** सिविल लाइन पुलिस ने घेराबंदी कर नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जिसके पास से 54 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की गई है. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश कियागया. थाना सिविल लाइन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लाडली लक्ष्मी पथ मार्ग में पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध नशीली कफ सिरप बिक्री करने के लिए बैठा है. घेराबंदी कर पकड़ा जाकर नाम पता पूछा तो अपना नाम गोविंद रजक पिता स्व. बलदाऊ रजक उम्र 35 वर्ष निवासी लोकनायक स्कूल के पास तरहटी का होना बताया.

## एक नजर में

### नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला लिपिक गिरफ्तार

**रीवा.** न्यायालय में नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे की ठगी करने वाले लिपिक को सिरमौर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. जबलपुर से जारी विज्ञापन में नौकरी दिलाने के लिये ठगी की गई थी. फरियादी की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को धरदबोचा. पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देश पर सिरमौर थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही की गई. बताया गयाकि फरियादी अजीत कुशवाहा द्वारा थाना सिरमौर उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया. जिस पर आरोपी लिपिक मुनेंद्र नाथ त्रिपाठी पिता स्वर्गीय सुरेश कुमार त्रिपाठी निवासी ग्राम नागनपुर थाना लालापुर जिला प्रयागराज हाल लिपिक न्यायालय जेएमएफसी सिरमौर थाना सिरमौर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से तामिलकर्ता एवं भृत्त के पदों पर जारी विज्ञापन में नौकरी दिलाने के नाम पर 124000 रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट लेख कराई गई. जिस पर थाना सिरमौर में धारा 318 (4) बीएनएस अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. दौरान विवेचना मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है.

### सस्पेंड एएसआई की रिपोर्ट 7 दिन में देंगे एसडीओपी

**शाजापुर.** जिले के बेरछा थाने में पदस्थ एएसआई भंवर सिंह सिसौदिया को एक वीडियो सामने आने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. इस वीडियो में एएसआई को कथित तौर पर रिश्वत की बात करते हुए देखा गया था. मामले की जांच बेरछा एसडीओपी रवि प्रकाश कौल को सौंपी गई है, जिसे सात दिनों में पूरा किया जाएगा .यह वीडियो रविवार को वायरल हुआ था. हालांकि यह करीब सवा तीन महीने पुराना बताया जा रहा है. वीडियो में एएसआई सिसौदिया बेरछा थाना परिसर में एक बेंच पर बैठे मारपीट के एक आरोपी से बात कर रहे हैं. इसमें वह कथित तौर पर कहते सुनाई दे रहे हैं कि पुलिस इसलिए पैसे लेती है क्योंकि उसे सभी को बांटना होता है. बेरछा एसडीओपी रवि प्रकाश कौल ने मंगलवार सुबह 9 बजे बताया कि रविवार के अवकाश के कारण उन्हें जांच संबंधी डाक सोमवार शाम को मिली. कौल के अनुसार जांच एक सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जाएगी.

### ओएचई वायर को बदलने का कार्य शुरू

**ग्वालियर।** रेल मंडल द्वारा रेलयात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में लगातार कार्य जा रहा है। मंडल में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। पुरानी हो चुकी वस्तुओं को बदलने और नवीन वस्तुओं को स्थापित करने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में ओवरहेड वायर को बदलने का भी कार्य किया जा रहा है। मंडल द्वारा अक्टूबर माह में 34 .57 किलोमीटर ट्रैक पर ज्वाइंटलेस कॉन्टैक्ट वायर लगाए गए हैं। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 80 किलोमीटर ट्रैक पर ज्वाइंटलेस कॉन्टैक्ट वायर प्रतिस्थापित किए जा चुके हैं। मंडल के विद्युत विभाग द्वारा मेक ज्वाइंट कॉन्टैक्ट वायर के स्थान पर ज्वाइंटलेस कॉन्टैक्ट वायर लगाए जा रहे हैं। वर्ष 1985-86 में जब रेलट्रैक पर विद्युतीकरण का कार्य शुरु किया गया तब पुरानी टेक्नोलॉजी के कारण 1500 मीटर ओएचई वायर (एक ड्रम) की लंबाई में कई जगहों पर ब्रे?िंग ज्वाइंट लगाए जाते थे। इस वजह से कई बार ओएचई वायर टूटने की शिकायत आती थी। इस समस्या को दूर करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा बिना किसी ज्वॉइंट वाले( ज्वाइंट लेस) कॉन्टैक्ट वायर लगाए जा रहे हैं।

# जीपीएस लोकेशन संग पेश करो प्रत्यारोपित पेड़ों की फोटो

## भोजपुर-बैरसिया मार्ग पर पेड़ काटने के मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**जबलपुर 4 नवम्बर. भोपाल के समीप भोजपुर-बैरसिया रोड निर्माण के लिए 488 पे?ों को काटे के संबंध में संज्ञान याचिका की सुनवाई के दौरान पेश किये गये हस्ताक्षेप आवेदन को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।**

हाईकोर्ट जस्टिस चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार के तरफ से पेश जवाब पर असंतोष व्यक्त किया। युगलपीठ ने कहा कि वर्तमान फोटो देखकर साफ पता चलता है कि किसी भी पे? को प्रत्यारोपित नहीं किया गया है, बल्कि पे?ों को पूरी तरह से काट दिया गया है। युगलपीठ ने कथित रूप से प्रत्यारोपित किए गए 253 पे?ों की तस्वीरें जीपीएस लोकेशन के साथ पेश करने के निर्देश दिए। याचिका पर अगली सुनवाई 20 नवंबर को निर्धारित है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने अखबार में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू की थी। खबर में यह तथ्य उजागर किया गया कि स?क चौ?ीकरण के लिए लोनिवि रायसेन ने बिना अनुमति के 488 पे? काट दिए।

नियमानुसार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत राज्य सरकार को पे? काटने से जु? मामलों के लिए एक कमेटी का गठन करना है। यदि किसी प्रोजेक्ट के लिए पे? काटने की जरूरत हो तो उक्त समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित 9 सदस्यीय समिति या वृक्ष अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई है। याचिका की सुनवाई के दौरान भोपाल निवासी नितिन सक्सेना से हस्ताक्षेपकर्ता बनाने का आवेदन पेष किया। आवेदन में कहा गया था कि प्रस्तावित निर्माण कार्य एक संरक्षित स्मारक, अर्थात् परमारकालीन ऐतिहासिक बाँध कीरतनगर के आसपास किया जा रहा है।

युगलपीठ ने सरकार के जबाव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि तस्वीरों से स्पस्ट है कि किसी भी पे? को प्रत्यारोपित नहीं किया गया है, बल्कि पे?ों को पूरी तरह से काट दिया गया है। कुछ पे?ों के तने ?मीन में गा? दिए गए हैं, जिनमें से कुछ में अंकुर निकलने लगे हैं। याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने उक्त आदेष जारी किये।



**खंडवा में अनोखा नजारा**

# अवैध कारोबारियों के लिए खंडवा क्यों है 'स्वर्ग से सुंदर'?

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा 4 नवम्बर.** अपराध और अवैध कारोबारियों के लिए खंडवा स्वर्ग से सुंदर हो रहा है। देसी कट्टे बेचने वालों ने तो भैंस बाजार जैसी मंडी लगा रखी हैं। सालभर में पकड़ाए लोगों और कट्टों से यही साबित हो रहा है।

**शराब की खाली बोतलें टांग कर पहुंचे कांग्रेसी**

रही कसर,मदरसे के ऊपरी कमरे में किराएदार इमाम से मिले नकली 20 लाख रुपए के नोटों ने पूरी कर दी। वह नोटों की सप्लाई पता नहीं कब से कर रहा होगा? उसने भी खंडवा को ही चुना। खंडवा को अवैध धंधेबाजों ने ऐसा क्यों समझ रखा है?

आज की नई बात करें तो, कांग्रेस के युवा नेताओं ने जनसुनवाई में आक्रामक रुख अपनाया। प्रशासन और वर्दीवाले विभागों की नींद खोलने के लिए अपने गले में शराब की खाली बोतलों की माला पहनकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। इसमें महिला कांग्रेसी भी शामिल थीं, जिनमें शराब की खाली बोतलों की माला गले में डाल रखी थी। जनसुनवाई में कलेक्टर तो नहीं मिले, लेकिन अपर कलेक्टर को उन्होंने साफ तौर पर कहा कि शहर और ग्रामीण इलाके कुछ भी सुरक्षित नहीं बचे हैं। सरकार की लाडली योजना का पैसा भी कई बहनों से छीनकर शराब पीने वाले उनके पति डकार रहे हैं।

**बुरे फंसे अधिकारी**

जनसुनवाई से ही आबकारी विभाग के एक अधिकारी जिम्मेदारी लेने के लिए खड़े हुए, तो उन्हें भी चेतावनी देकर सचेत किया कि शहर में दुकानों पर चल रहे अहातों को कब बंद करो। इनमें शराब दुकान वाले बैठाकर लोगों को शराब पिला रहे हैं। ठेकेदार हर दुकान पर अवैध बीयर बार चल रहे हैं। सरकार ने यह प्रथा बंद कर रखी है। आबकारी विभाग वाले और पुलिस प्रशासन क्या कर रहे हैं?आबकारी विभाग का अधिकारी छापे की कार्रवाई में घिरता है, तो उसके यहां करोड़ों का सोना और नगद क्यों पकड़ता है? जिन्होंने जिंदगी भर इतना वेतन नहीं लिया जिससे 100 गुना राशि पकड़ा रही है।

# बच्चे के गले में फंसा सिक्का निकाला

## डॉक्टर बाजोलिया की टीम ने दूरबीन पद्धति से किया ऑपरेशन

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा 4 नवम्बर. पुनासा विकासखण्ड के ग्राम सक्तापुर निवासी राजेश के 3 वर्षीय पुत्र देवांश के गले में पिछले 6 दिनों से एक सिक्का फंसा था। इसकी जानकारी परिवार में किसी को भी नहीं थी।**

एक दिन बच्चे को अचानक उल्टी हुई और बच्चे की स्थिति अत्यधिक गंभीर हो गई। माता-पिता देवांश को लेकर जिला चिकित्सालय खंडवा के ई.एन.टी. विभाग में आए, जहां नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील बाजोलिया ने उसे देखा तथा एक्स-रे एवं अन्य जांच करवाई, तो एक्स-रे रिपोर्ट में पता चला कि खाने की नली के बीच वाले भाग में एक सिक्का फंसा हुआ है। सिक्का लगभग 7 दिनों से फंसा होने के कारण दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन करना खतरे से कम नहीं था। डॉक्टर बाजोलिया एवं उनकी टीम ने दूरबीन पद्धति से बच्चे के गले से सिक्का बाहर निकाला। सिविल सर्जन डॉ. अनिरूद्ध कौशल ने बताया कि बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे आज डिस्चार्ज कर दिया गया है।

**आहार नली में 7 दिन से फंसा था सिक्का**



# बैकुंठ चतुर्दशी पर किया नर्मदा स्नान

**बड़वानी, 4 नवम्बर.** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि मंगलवार को बैकुंठ चतुर्दशी पर धार्मिक बयार बही। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने शहर के समीप बैकवाटर किनारे और नवनिर्मित मां नर्मदा जागीरदारपुरा नवीन घाट पर खासी रौनक रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर पुण्य स्नान किया। शाम के समय घाट दीपदान से रोशन रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु और भगवान शिव की एक साथ पूजा की। साथ ही बैकुंठ चतुर्दशी हरि हर मिलन के रूप में मनाई। माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु भगवान शिव को सृष्टि का संचालन फिर से सौंपते हैं।

**जनसुनवाई** | **माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज के हैं सभी छात्र, आउटसोर्स कंपनियों पर लगाया गंभीर आरोप**

# तीन दर्जन इंजीनियर छात्र पहुंचे जनसुनवाई में रोजगार के लिए

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 4 नवम्बर।** माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज से जु? करीब तीन दर्जन बेरोजगार युवक आज जनसुनवाई में पहुंच अपर कलेक्टर को आवेदन देते हुये आउटसोर्स कंपनियों में रोजगार मुहैया कराये जाने संयुक्त रूप से आवेदन पत्र दिया है।

छात्र विकास कुमार शाह, विजय कुमार, राकेश कुमार, आकाश, ऋषभ समेत तीन दर्जन छात्र कलेक्ट्रोरेट में आयोजित जनसुनवाई में आवेदन पत्र देते हुये बताया कि हम सभी छात्र डीजीएमएस द्वारा वैलिड ओवरमैन, माइनिंग सरदार तथा



सेकण्ड मैनेजर सर्टीफिकेट होल्डर हैं। इसके बावजूद यहां की ओबी समेत आउटसोर्सिंग कंपनियां नही सुनती है। इनका आरोप है कि आउटसोर्स कंपनी के कर्ताधर्ता जनप्रतिनिधियों से दबाव दिलाने और रिफ्रेंस की मांग करते हैं। इसी वजह से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार नही मिल पा रहा है। साथ ही कंपनी अनुभव मांगती है, कॉलेज से अध्ययन करने के बाद तत्काल अनुभव नही मिल पाता। कहीं जब कंपनियों में काम करने का अवसर मिलेगा, तभी अनुभव मिल पाएगा। साथ ही ओबी कंपनियों में जिले के बाहर की व्यक्तिओं को रोजगार मिल रहा है। यहां कंपनियों में वैकेन्सी का पता नही चल पा रहा है। छात्रो का सुझाव है कि ओवरमैन सरकार की वैकेन्सी हो जहां साक्षात्कार या परीक्षा के आधार पर चयन हो और पादर्शिता रखी जाये। स्थानीय युवाओं को मौका मिले। अपर कलेक्टर ने युवाओं के समस्या को गंभीरता से सुनते हुये जिला रोजगार अधिकारी को उचित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। इधर नीलकण्ठ इंफर्मा माइनिंग ब्लॉक बी के निष्कासित करीब दो दर्जन वर्करों ने आज जनसुनवाई में पहुंच संयुक्त कलेक्टर को आवेदन पत्र देते हुये ब्लॉक बी गोरबी में अजंता राधा ओबी कंपनी में रोजगार दिलाये जाने की मांग की है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

## न्याय की गुहार लगाते कलेक्टर के पास पहुंचे पिता

**नीमच 4 नवम्बर.** जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम भदाना में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई और एक ज्ञापन सौंपा।

मृतका कविता पति वीरेंद्र गोगलिया के पिता गोपाल पिता केंशुराम, निवासी जुना भदाना, ने बताया कि उनकी बेटी का विवाह लगभग डेढ़ वर्ष पहले वीरेंद्र गोगलिया से हुआ था। छह माह पूर्व गोना संपन्न होने के बाद कविता अपने ससुराल गई थी।

गोपाल के अनुसार, कविता लगातार बताती थी कि उसके सास, ससुर, पति और तीनों ननदें दहेज के लालच में उससे मारपीट करते थे, गाली-गलौज करते थे

**लगाया दहेज हत्या का आरोप**

और अवैध पैसों के साथ सोने की कंठी की मांग करते थे। उन्होंने अपनी बेटी को छोटी-छोटी बातें कहकर समझाया था ताकि उसका घर न बिगड़े।

ज्ञापन में बताया गया कि 30 अक्टूबर की रात कविता ने अपने पिता को फोन कर बताया कि पति वीरेंद्र, सास मेमा, ससुर हरलाल और तीनों ननदें पूजा, ज्योति, रानू मिलकर उसे लात-घूंसों से बेरहमी से पीट रहे हैं। अगली सुबह लगभग 5-6 बजे उन्हें कविता की मौत की सूचना मिली।

मौके पर पहुंचे पिता ने देखा कि उनकी बेटी को गंभीर रूप से पीटा गया था, जिससे उसकी जान चली गई। उन्होंने कुकड़ेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और मेडिकल पीएम भी हुआ, लेकिन उनका आरोप है कि आज तक पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की है।